# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

द्वितीय से पंचम तल, ब्लॉक–5, शिक्षा संकुल परिसर,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर – 17

फोन नं: 0141–2709114 email : cmsmsa2018@gmail.com फैक्सः 0141–2701822


क्रमांक : रास्कूशिप / जय / सामु.गति / बाल सभा / 2019–20 / 7315 दिनांक : 05-11-2019

1. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एव पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समस्त जिले
2. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समस्त जिले
3. जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक / प्रारम्भिक शिक्षा, समस्त जिले
4. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समस्त ब्लॉक
5. पीईईओ, समस्त पंचायत
6. संस्थाप्रधान, समस्त राजकीय विद्यालय

**विषय– समस्त राजकीय विद्यालयों में दिनांक 14 नवम्बर 2019 को (i) वृहद सामुदायिक बालसभा (ii) बालिका सप्ताह (14 नवम्बर से 19 नवम्बर 2019 तक) आयोजन के रूप में नेहरू व इन्दिरा गॉन्धी जयन्ती मनाने के कम में।**

शिविरा पंचाग 2019–20 के अनुसार सामुदायिक बालसभा का आयोजन दिनांक 14 नवम्बर 2019 को पूर्व निर्धारित है। इस आयोजन को अधिक प्रभावी एवं उद्देश्यपरक बनाने की दृष्टि से इस दिवस पर समस्त राजकीय विद्यालयों में निम्नलिखित गतिविधियॉ एक साथ आयोजित की जानी है–

1. सामुदायिक बालसभा
2. बालिका सप्ताह (14 से 19 नवम्बर 2019 तक)

**<u>इन गतिविधियों के प्रभावी एवं सफल आयोजन हेतु निम्नानुसार निर्देश जारी किए जाते है–</u>**

1. **कार्य योजना–**
   1. दिनांक 14 नवम्बर 2019 को राष्ट्रीय बाल दिवस के अवसर पर मंध्याह्न पूर्व विद्यालय परिसर में विभिन्न गतिविधियों / प्रतियोगिताओं / प्रदर्शनी का आयोजन किया जाये। प्रतियोगिताओं के अन्तर्गत करायी जाने वाली गतिविधियॉ–
      - निबन्ध प्रतियोगिता– निबन्ध के विषय परिशिष्ट 1 के अनुसार
      - विद्यालय में कक्षावार अथवा समूहवार पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता– परिशिष्ट 2 के अनुसार

      विद्यालय में तैयार किए गये पोस्टर्स को विद्यार्थियों के नाम एवं कक्षा सहित दिनांक 14 नवम्बर से 19 नवम्बर 2019 तक विद्यालय परिसर में ही प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया जाये।
   2. इसी दिवस को मंध्याह्न पश्चात् सार्वजनिक स्थान पर सामुदायिक बालसभा का भव्य नवाचार युक्त, रोचक एवं प्रभावी आयोजन किया जाये–
      - मध्याह्न पश्चात् की गतिविधियों का संक्षिप्त प्रारूप परिशिष्ट 3 पर उपलब्ध है।
   3. दिनांक 14 नवम्बर 2019 से दिनांक 19 नवम्बर 2019 तक विद्यालय परिसर में प्रदर्शनी के रूप में बालिका सप्ताह मनाया जाये।

2. **पूर्व तैयारियॉ–**
   1. दिनांक 14 नवम्बर 2019 को आयोज्य सामुदायिक बालसभा / बाल दिवस के आयोजन हेतु आयोज्य गतिविधियों में विद्यार्थियों की अधिकतम भागीदारी हो, इसके लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अधिकाधिक संख्या में छात्र–छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित की

जाये तथा गतिविधियों की लगभग एक सप्ताह पूर्व कार्ययोजना तैयार कर संस्थाप्रधान द्वारा शिक्षकों को लिखित में व्यक्तिगत जिम्मेदारी देकर प्रतिदिन अन्तिम दो कालांशों में रिहर्सल करवाई जानी सुनिश्चित करें।

2. सामुदायिक बालसभा/बाल दिवस को प्रभावी एवं सफल रूप से आयोजित करने के उद्देश्य से संस्थाप्रधान द्वारा एसएमसी/एसडीएमसी के सदस्यों तथा गणमान्य नागरिकों के साथ सम्पर्क कर सार्वजनिक स्थल का चयन किया जावें तथा शिक्षकों के साथ बैठक कर विस्तृत एवं सुगठित कार्ययोजना बनाई जावे।
3. सामुदायिक बालसभा/बाल दिवस के प्रभावी आयोजन हेतु सार्वजनिक स्थान का चयन करने, चयन पश्चात् उक्त आयोजन करने तथा आयोजन पश्चात् अधिकतम तीन दिवस में शालादर्पण पर प्रविष्टि हेतु सम्बन्धित संस्थाप्रधान तथा पीईईओ व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी रहेंगे।
4. इस हेतु समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारियों तथा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को क्रमशः जिला समन्वयक एवं ब्लॉक समन्वयक मनोनीत किया जाता है जो कि इस आयोजन में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय, ब्लॉक स्तरीय एवं पंचायत स्तरीय अधिकारियों/कर्मचारियों की भागीदारी हेतु पूर्वानुसार श्रीमान जिला कलेक्टर के नेतृत्व में उनके निर्देशानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे तथा परिशिष्ट 4 अनुसार कार्यवाही कर विभिन्न जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की श्रीमान जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर विद्यालयवार सम्बलन अधिकारियों की नियुक्ति आदेश जारी करायेंगे। समस्त मनोनीत जिला एवं ब्लॉक समन्वयक इस आयोजन के पश्चात् अधिकतम पॉच दिवस में शालादर्पण पोर्टल पर इसकी प्रविष्टि कराने हेतु व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी रहेंगे।

3. <u>आमंत्रण–</u>

1. सामुदायिक बालसभा/बाल दिवस के प्रभावी आयोजन हेतु संस्थाप्रधान द्वारा समस्त शिक्षकों को लिखित में व्यक्तिगत जिम्मेदारी देकर विद्यालय परिक्षेत्र के गणमान्य जनप्रतिनिधियों, भामाशाहों, पूर्व विद्यार्थियों (Aluminees), ग्रामीणजनों, अभिभावकों, अन्य विभागों के विभिन्न अधिकारियों, एसएमसी/एसडीएमसी सदस्यों आदि को इस आयोजन में उपस्थित होने हेतु आमंत्रित किया जावें तथा सभी बालक/बालिकाओं को प्रतिदिन प्रार्थना सभा में सूचित किया जावें कि वें 14 नवम्बर (गुरूवार) को अपने अभिभावकों को सामुदायिक बालसभा में आवश्यक रूप से साथ लेकर आवें।
2. इस आयोजन हेतु विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों द्वारा स्थानीय क्षेत्र का शिक्षकवार क्षेत्र निर्धारित कर विद्यालय समय पश्चात्/पूर्व में जनसमुदाय से निरन्तर सम्पर्क कर व्यापक प्रचार–प्रसार किया जावे।
3. कार्ययोजना में यह स्पष्ट रूप से अंकित किया जावे कि मध्यान्तर से पूर्व विद्यालय परिसर में कौन–कौन से गतिविधियॉ होंगी और मध्यान्तर के पश्चात् सामुदायिक बालसभा में कौन–कौन से कार्यक्रम होंगे। इस कार्य हेतु शिक्षकों को पृथक से दायित्व सौंपा जावे तथा विद्यार्थियों को भी इस कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा बताते हुए अभिभावकों को आमंत्रित किया जावे।

4. <u>प्रतिवेदन–</u> सामुदायिक बालसभा तथा बालिका सप्ताह के श्रेष्ठ फोटोज एवं विडियोज परिषद् मुख्यालय की ईमेल आईडी <u>commissionerssarajasthan@gmail.com</u> तथा <u>cmsmsa2018@gmail.com</u> पर भेजे जाये।

5. पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण का कार्य अनिवार्य रूप से सामुदायिक बालसभा/बाल दिवस के दिन ही किया जावे।
6. दिनांक 19 नवम्बर 2019 को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इन्दिरा गॉन्धी की जयन्ती के अवसर पर समस्त विद्यालयों में राष्ट्रीय एकीकरण दिवस मनाया जावे। दिनांक 14 नवम्बर से प्रारम्भ बालिका सप्ताह तथा प्रदर्शनी का समापन कार्यक्रम आयोजित किया जावे तथा समस्त विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई जावे।

इस अवसर पर यह अपेक्षा की जाती है कि शैक्षिक प्रशासन एवं विद्वान् शिक्षको द्वारा 14 नवम्बर 2019 को आयोजित होने वाली सामुदायिक बालसभा, तथा दिनांक 14 नवम्बर से 19 नवम्बर 2019 तक आयोजित होने वाली बालिका सप्ताह एवं प्रदर्शनी को भव्य, आकर्षित एवं प्रेरणादायक बनाने के लिए नवाचारात्मक गतिविधियो/कार्यक्रमों को शामिल कर पूर्व निष्ठा एवं लगन के साथ इन आयोजनों को ऐतिहासिक बनाने का प्रयास किया जाये तथा सम्भाग, जिला एवं ब्लॉकस्तरीय अधिकारियों द्वारा इन कार्यक्रमों के आयोजन की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाये।

**नोटः—आदर्श आचार संहिता की पालना करना सुनिश्चित करें।**

**संलग्न—उपरोक्तानुसार**

(प्रदीप कुमार बोरड़)
आयुक्त
स्कूल शिक्षा एवं राज. स्कूल शिक्षा परिषद,
जयपुर

दिनांक 05-11-2019

क्रमांक : रास्कूशिप/जय/सामु.गति/बाल सभा/2019-20/7315

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :**

1. विशिष्ट सहायक, शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग राजस्थान सरकार।
3. निजी सचिव, आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
4. निजी सचिव, जिला कलेक्टर, समस्त जिले।
5. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
6. निजी सचिव, निदेशक, प्रारमिभक/माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर।
7. निजी सहायक, अति0 राज्य परियोजना निदेशक- I & II, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
8. उपायुक्त शालादर्पण को प्रेषित कर लेख है कि उक्त पत्र सभी सम्वन्धितों को भिजवाना सुनिश्चित करें।
9. रक्षित पत्रावली।

(नसीम खान)
अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक—द्वितीय

परिशिष्ट 1

# निबन्ध लेखन हेतु संभावित कुछ विषय

| क.सं. | विषय का नाम |
|---|---|
| 1 | भारत छोडो आन्दोलन |
| 2 | भाखड़ा परियोजना |
| 3 | इसरो |
| 4 | गुटनिरपेक्ष आन्दोलन |
| 5 | बांग्लादेश गठन |
| 6 | संविधान निर्माण |

परिशिष्ट 2


## पोस्टर चित्रण हेतु संभावित कुछ विषय

| क्र.सं. | विषय का नाम |
|---|---|
| 1 | बाल दिवस |
| 2 | पण्डित जवाहर लाल नेहरू |
| 3 | देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्रीः श्रीमती इन्दिरा गॉन्धी |
| 4 | भारत छोड़ो आन्दोलन |
| 5 | भाखड़ा परियोजना |
| 6 | इसरो |
| 7 | गुटनिरपेक्ष आन्दोलन |
| 8 | बांग्लादेश गठन |
| 9 | संविधान निर्माण |

परिशिष्ट 3

## दिनांक 14 नवम्बर 2019 को मध्याह्न पश्चात् आयोज्य सामुदायिक बालसभा हेतु समयवार संभावित गतिविधियाँ

| गतिविधि का प्रकार | आयोजित की जाने वाली गतिविधियाँ | समय (मिनट) |
|---|---|---|
| रचनात्मक कौशल | • विद्यार्थियों की चित्र प्रदर्शनी<br>• ''नेहरू जी'' और ''इन्दिरा जी'' की वेशभूषा धारण प्रतियोगिता | 2:00–2:20 |
| अभिव्यक्ति कौशल | • जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर लघुकथा<br>• जवाहरलाल नेहरू के प्रसिद्ध व्याख्यान का पाठ | 2:20–2:40 |
| आलोचनात्मक चिंतन | • ''नेहरू जी मेरी प्रेणा क्यों हैं ?'' पर जस्ट–ए–मिनट<br>• पंडित जावहरलाल नेहरू की स्मृति में कविता पाठ<br>• नेहरू जी के जीवन पर क्विज प्रतियोगिता | 2:40–3:00 |
| शारीरिक शिक्षा | • एनसीसी कैडेट्स द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन | 3:00–3:30 |
| सांमुदायिक कथाए | • अभिभावको द्वारा शपथ लेना कि वे ना तो बाल श्रम बर्दाश्त करेंगे और ना ही बाल हिंसा करेंगे। | 3:30–3:45 |
| पुरस्कार वितरण | • विभिन्न प्रतियोगिताओ/गतिविधियों में प्रथम तीन स्थान प्राप्त कर्ता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण | 3:45–3:55 |
| | • धन्यवाद ज्ञापन | 3:55–4:00 |

| गतिविधि : | कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों की चित्र प्रदर्शनी |
|---|---|
| a) संदर्भ | • आज विद्यार्थियों को चाहिए कि वे जवाहरलाल नेहरू जी और इंदिरा गांधी जी जैसे राष्ट्रीय नेताओं के किए गए कार्यों को अवश्य याद करें<br>• राष्ट्र निर्माण, अर्थव्यवस्था और समाज के लिए उनके योगदानों की जानकारी समाज के अन्य सदस्यों को अवश्य दी जानी चाहिए |
| b) सहभागी | • हर कक्षा के विद्यार्थियों को चित्र निर्माण में भाग लेने और चित्र बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाय<br>• सामुदायिक बाल सभा में बाल दिवस पर लगने वाली प्रदर्शनी में हर कक्षा के सबसे अच्छे 3 चित्रों को दिखाया जाना चाहिए |
| c) कैसे चलाएं | • 11 नवंबर को शिक्षक अपनी-अपनी कक्षाओं में पोस्टर निर्माण कराएं<br>• 12 नवंबर को प्राचार्य हर कक्षा के शीर्ष 3 चित्रों को चुनें<br>• चुने गए विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र/ पुरस्कार दिया जाय<br>• चुने गए चित्रों को 14 से 19 नवंबर तक चित्र प्रदर्शनी में दिखाया जाय |
| d) सहयोगी सामग्रियां | • चित्र का नमूना नीचे संलग्न है :   |

| गतिविधि : | "नेहरू जी" और "इंदिरा जी" की तरह वेशभूषा धारण |
|---|---|
| e) संदर्भ | • फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए बचपन की सशक्त यादगार बन जाएगी और विद्यार्थियों को सिखाने का यह दिलचस्प तरीका है |
| f) सहभागी | • कक्षा 1 से 4 के विद्यार्थी |
| g) कैसे चलाएं | • हर कक्षा से विद्यार्थियों को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चुनें<br>• हर विद्यालय के शीर्ष 3 विद्यार्थियों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया जाय |

| | |
|---|---|
| h) सहयोगी सामग्रियां | • दूसरी जगह आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के चित्र :<br>  |

| गतिविधि : | कक्षावार दिए गए टॉपिक्स पर निबंध लेखन प्रतियोगिता |
|---|---|
| i) संदर्भ | • विद्यार्थियों को दिए गए टॉपिक पर रचनात्मक ढंग से अपने विचार व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया जाय |
| j) सहभागी | • शिक्षकों को यह गतिविधि कक्षा 6 और ऊपर के विद्यार्थियों के लिए करानी चाहिए |
| k) कैसे चलाएं | • हर कक्षा से विद्यार्थियों को नीचे दिए गए नमूने के टॉपिक्स पर लघु निबंध लिखने के लिए प्रोत्साहित किया जाय<br>• सामुदायिक बाल सभा में बाल दिवस पर हर विद्यालय के शीर्ष 3 निबंधों का पाठ कराया जाय |
| l) सहयोगी सामग्रियां | • हर कक्षा के लिए नमूने के टॉपिक :<br>• कक्षा 6 से 8 – "आजाद भारत/ मेरे सपनों के भारत के समक्ष चुनौतियां"<br>• कक्षा 8 और ऊपर –<br>"क्या हम सचमुच आजाद हैं?/ आजादी का वास्तव में क्या अर्थ होता है?" |

| गतिविधि : | जवाहरलाल नेहरू के जीवन की कहानी |
|---|---|
| a) संदर्भ | • हम अपने स्वाधीनता सेनानियों को अक्सर प्यार से याद करते हैं लेकिन हम उनके जीवन की कहानी नहीं जानते हैं<br>• अपना अंतिम गौरव प्राप्त करने के लिए उनकी जीवन यात्रा को समझना प्रेरणा का एक स्रोत है |
| b) सहभागी | • एक विद्यार्थी और एक शिक्षक कहानी का संवाद के फॉर्मेट में पाठ करें |
| c) कैसे चलाएं | • एक शिक्षक और एक विद्यार्थी द्वारा संयुक्त रूप से एक लघुकथा का वाचन |

| | |
|---|---|
| d) सहयोगी सामग्रियां | • पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर लघुकथा<br>**"जवाहरलाल नेहरू"**<br>पंडित जवाहरलाल नेहरू एक महान व्यक्ति थे। उनका जन्म 14 नवंबर को प्रयागराज (इलाहाबाद) में हुआ था। उनके पिता का नाम मोतीलाल नेहरू था। मोतीलाल नेहरू एक प्रसिद्ध वकील थे। जवाहरलाल नेहरू की माता का नाम श्रीमती स्वरूप रानी था। जवाहरलाल अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे। इसलिए उन्हें बहुत ज्यादा लाड़-प्यार मिला। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा घर से प्राप्त की। आगे की पढ़ाई के लिए उनको इंगलैंड भेज दिया गया। जब वे इंगलैंड गए तब उनकी आयु 15 वर्ष थी। वहां उन्होंने हैरो स्कूल में, फिर कैंब्रिज विश्वविद्यालय में अध्ययन किया।<br><br>वर्ष 1912 में वे कानून की पढ़ाई पूरी कर वापस भारत लौट आए। वर्ष 1915 में उनकी शादी कमला नेहरू के साथ हुई। अपने देश लौटने के बाद नेहरू जी ने वकालत शुरू की पर इसमें उनका मन नहीं लगा। भारत पर अंग्रेजों की हुकूमत उनको बैचैन करती थी। और एक दिन उन्होंने महात्मा गांधी से मिलने का फैसला किया। उस समय महात्मा गांधी अंग्रेजों के खिलाफ कई आंदोलन कर रहे थे। इसी आंदोलन में नेहरू जी भी गांधी जी के साथ चल पड़े और भारत की आजादी तक गांधी जी के साथ रहे। आजादी के बाद नेहरू जी देश के पहले प्रधान मंत्री बने।<br><br>नेहरू जी को बच्चों से बहुत प्यार था और वो गरीब लोगों के भी हमदर्द थे। वे खुद को भारत का सच्चा सेवक मानते थे। उन्होंने "आराम हराम है" का नारा दिया था। उन्होंने भारत के लोगों के जीवन की गुणवत्ता सुधारने के लिए राष्ट्रीय विकास परिषद का गठन किया। उन्हें बच्चों से बेहद लगाव था इसलिए उनकी वृद्धि और विकास के लिए उन्होंने कई योजनाएं बनाईं। बच्चों के प्रति उनके प्रेम को देखते हुए भारत सरकार ने उनके जन्म दिन पर हर साल बाल दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया। |

| | |
|---|---|
| गतिविधि : | जवाहरलाल नेहरू के पसिद्ध भाषण का पाठ |
| m) संदर्भ | • जवाहरलाल नेहरू बहुत अच्छे वक्ता थे और समाज को उनके अनेक भाषणों की अभी भी याद है<br>• विद्यार्थियों को चाहिए कि वे उन बहुमूल्य शब्दों को पढ़ें और प्रेरणा ग्रहण करें |
| n) सहभागी | • इस गतिविधि में कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थी भाग लें |
| o) कैसे चलाएं | • इन भाषणों के हिस्सों को प्रभावशाली ढंग से पढ़ने के लिए शिक्षक हर विद्यालय से 3 विद्यार्थियों को चुनें |

| | |
|---|---|
| p) सहयोगी सामग्रियां | • नमूने का भाषण :<br><br>1) 15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्रता दिवस पर : **नियति द्वारा सुनिश्चित वह शुभ दिन आ गया है। हमारा भारत देश लंबी निद्रा और संघर्ष के बाद सुनहरे भविष्य लिए पुन: जागृत, जीवंत, मुक्त और स्वतंत्र खड़ा है। काफी हद तक हमारा भूतकाल अभी भी हमें जकड़े हुए है, और हम प्राय: जो प्रतिज्ञा, जो संकल्प अब तक करते आए हैं उसे निभाने के लिए हमें बहुत कुछ करना होगा। आज रात बारह बजे, जब सारी दुनिया सो रही होगी, भारत जीवन और स्वतंत्रता की नई और उजली चमकती सुबह के साथ उठेगा।**<br><br>**हम नए सिरे से इतिहास लिख रहे हैं और अब जिस इतिहास काा हम निर्माण करेंगे उस पर दूसरे लिखने को बाध्य होंगे। जिस समय सारी दुनिया निद्रा को आगोश में होगी उस समय भारत उज्जवल नवजीवन और चमचमाती स्वतंत्रता प्राप्त कर रहा होगा।**<br>**एक ऐसा क्षण होगा, जो इतिहास में बहुत कम आता है, जब हम पुराने को छोड़कर नए जीवन में कदम रखते हैं। जब एक युग का अंत होता है, जब राष्ट्र की चिर काल से दमित आत्मा नवउद्धार प्राप्त करती है। यह सर्वथा उचित है कि इस गंभीर क्षण में हम भारत और उसके लोगों और उससे भी बढ़कर मानवता के हित के लिए सेवा-अर्पण करने की शपथ लें।** |

| गतिविधि : | पंडित जवाहरलाल नेहरू की स्मृति में कविता पाठ और उसके अर्थ का विस्तार से उल्लेख |
|---|---|
| q) संदर्भ | • कम उम्र के विद्यार्थियों के बीच कविता को अवश्य प्रोत्साहित किया जाना चाहिए<br>• छोटी कविताओं के जरिए अपने नेताओं को याद रखना एक प्रभावी तरीका है |
| r) सहभागी | • कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों को इसमें शामिल किया जा सकता है |
| s) कैसे चलाएं | • विद्यार्थी कोई कविता लिखें या पंडित जवाहरलाल नेहरू पर पहले से लिखी किसी कविता को चुनें<br>• शिक्षकों द्वारा अलग-अलग हाउस से एक विद्यार्थी का चयन |
| t) सहयोगी सामग्रियां | • बाल दिवस पर कविता का नमूना :<br><br>**खुशियाँ लाता बाल दिवस**<br><br>नन्हें मुन्नों के जीवन में<br>खुशियाँ लाता बाल दिवस।<br>बच्चों के चाचा नेहरू की<br>याद दिलाता बाल दिवस।<br>हमको भाता बाल दिवस।<br>मन महकाता बाल दिवस ॥ |

| | |
|---|---|
| | जन्म दिवस है आज देश के<br>प्यारे लाल जवाहर का ।<br>आज़ादी की खातिर छोड़ा<br>जिसने सुख वैभव घर का ।<br>जन जन के प्यारे नेता की<br>याद दिलाता बाल दिवस ॥<br>हमको भाता बाल दिवस,<br>मन महकाता बाल दिवस ॥<br><br>शांति अहिंसा पंचशील का<br>मंत्र दिया जिसने जग को ।<br>ज्ञान और विज्ञान के पथ पर<br>मोड़ा जिसने हर पग को ।<br>उन्नति के उजले सपनों की<br>याद दिलाता बाल दिवस ॥<br>हमको भाता बाल दिवस,<br>मन महकाता बाल दिवस ॥<br><br>चाचा नेहरू कहते थे<br>हैं बच्चे कर्णधार कल के ।<br>भावी भारत की आशा हैं<br>फूल भारती आँचल के ।<br>हृदय लगाये उस गुलाब की<br>याद दिलाता बाल दिवस ॥<br>हमको भाता बाल दिवस,<br>मन मुस्काता बाल दिवस ॥ |

| गतिविधि : | **जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर क्विज** |
|---|---|
| a) संदर्भ | • हमारे विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए सामान्य ज्ञान विकसित करना बहुत जरूरी है। राष्ट्रीय घटनाक्रम एक महत्वपूर्ण आरंभ बिंदु हैं। |
| b) सहभागी | • विद्यार्थियों और समुदाय के लोगों को संबोधित करने के लिए एक-दो शिक्षक क्विजमास्टर के रूप में काम करें। |
| c) कैसे चलाएं | • शिक्षक विद्यार्थियों और समुदाय के लोगों को 4 समूहों में बांट दें और क्विज का पहला राउंड चलाएं। |

| | |
|---|---|
| | • उनमें से छांटी गई 2 टीमों के लिए दूसरा राउंड चलाया जाय। |
| d) सहयोगी सामग्रियां | • क्विज के प्रश्नों के कुछ नमूने :<br><br>Q1. किस वजह से जवाहरलाल नेहरू को पंडित नेहरू के नाम से बुलाया जाता था?<br>A. वे पंडित जात के थे<br>B. A और C दोनो<br>C. कश्मीरी पंडित समुदाय के साथ उनके मूल की वहज से<br>D. इनमें से कोई नहीं<br>उत्तर : C. कश्मीरी पंडित समुदाय के साथ उनके मूल की वहज से<br><br>Q2. जवाहरलाल नेहरू को भारतीय बच्चे किस नाम से जानते हैं?<br>A. चाचा नेहरू<br>B. पंडित नेहरू<br>C. मामा नेहरू<br>D. इनमें से कोई नहीं<br>उत्तर : A. चाचा नेहरू<br><br>Q3. जवाहरलाल नेहरू ने अपनी शिक्षा किस कॉलेज से पूरी की थी?<br>A. ट्रिनिटी कॉलेज, लंदन<br>B. ब्रिटिश कॉलेज, लंदन<br>C. ऑक्सफोर्ड कॉलेज, अमेरिका<br>D. अमेरिका कॉलेज, अमेरिका<br>उत्तर : A. ट्रिनिटी कॉलेज, लंदन<br><br>Q4. जवाहरलाल नेहरू ने किसके साथ मिलकर रॉलट अधिनियम के खिलाफ एक अभियान शुरू किया था?<br>A. महात्मा गांधी<br>B. राजीव गांधी<br>C. भीमराव अंबेदकर<br>D. सरदार बल्लभ पटेल<br>उत्तर : A. महात्मा गांधी<br><br>Q5. जवाहरलाल नेहरू ने 1920-22 में किस आंदोलन में सक्रिय हिस्सा लिया था?<br>A. चिपको आंदोलन<br>B. नमक आंदोलन<br>C. असहयोग आंदोलन<br>D. इनमें से कोई नहीं |

| | |
|---|---|
| | उत्तर : C. असहयोग आंदोलन<br><br>Q6. जवाहरलाल नेहरू को 1942 में किस आंदोलन के दौरान गिरफ्तार भी किया गया था?<br>A. भारत छोड़ो आंदेलन<br>B. चिपको आंदोलन<br>C. नमक आंदोलन<br>D. असहयोग आंदोलन<br>उत्तर : A. भारत छोड़ो आंदेलन<br><br>Q7. जवाहरलाल नेहरू कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए कब चुने गए थे?<br>A. 1940 और 1946 में<br>B. 1935 और 1940 में<br>C. 1936 और 1937 में<br>D. 1950 और 1952 में<br>उत्तर : C. 1936 और 1937 में<br><br>Q8. जवाहरलाल नेहरू ने भारत में किस नीति के रूप में भूमिका निभाई थी?<br>A. भारत की विदेश नीति<br>B. अंग्रेजों की नीति<br>C. भारत की अंग्रेजों के खिलाफ नीति<br>D. इनमें से कोई नहीं<br>उत्तर : A. भारत की विदेश नीति |

| | |
|---|---|
| गतिविधि : | अभिभावकों द्वारा शपथ लेना कि वे न तो बाल श्रम बर्दाश्त करेंगे न बाल हिंसा करेंगे |
| u) संदर्भ | • बाल दिवस के शुभ अवसर पर हमें बाल श्रम और बच्चों के साथ दुर्व्यवहार/ हिंसा समाप्त करने की शपथ लेनी चाहिए |
| v) सहभागी | • अधिकारी, शिक्षक और समुदाय के सदस्य शपथ लें। |
| w) कैसे चलाएं | • बाल सभा के अंत में सर्वोच्च शिक्षाधिकारी और समुदाय के बुजुर्ग लोग समुदाय के लोगों, अभिभावकों और विद्यार्थियों के शपथ ग्रहण का संयुक्त रूप से संचालन करें।<br>• शपथ ग्रहण की वीडियो रिकॉर्डिंग करके balsabharajasthan@gmail.com पर 15 नवंबर तक ईमेल करे |
| x) सहयोगी सामग्रियां | • शपथ : |

परिशिष्ट 4

# दिनांक 14 नवम्बर, 2019 को बालसभा आयोजन हेतु तिथिवार कार्ययोजना

| क्रं .सं | दिनांक | गतिविधि | गतिविधि विवरण | क्रियान्वयन स्तर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 07.11.2019 | बैठक | बालसभा के प्रभावी आयोजन हेतु जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के विभिन्न अधिकारियों तथा जिला स्तरीय विभिन्न विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित कराना। | CDEOs |
| 2 | 08.11.2019 | बैठक | विभिन्न जिला स्तरीय, ब्लॉक स्तरीय एवं पंचायतस्तरीय विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ संपर्क एवं समन्वय स्थापित कर विद्यालयवार प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति के आदेश जारी कराना। | CDEOs, CBEOs, PEEOs |
| 3 | 11.11.2019 | बैठक | CBEOs की PEEOs के साथ अन्तिम कार्ययोजना हेतु बैठक | CBEOs |
| 4 | 13.11.2019 | बैठक | PEEOs की संस्थाप्रधानों के साथ बैठक | PEEOs |
| 5 | 13.11.2019 प्रातः 11:00 बजे | | CDEOs, द्वारा विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारियों से संपर्क कर प्रति विद्यालय हेतु नियुक्त किये गये प्रभारी अधिकारियों की सूचना मय दूरभाष नम्बर परिषद् को प्रेषित कराना। | CDEOs |